Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding pathetic condition of Roads in Dadra and Naga Haveli.

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) : आज मैं अप प्रदेश दादरा और नागर हवेली के अत्यंत गंभीर विषय से आपको अवगत करान चाहती हूं। हमारे दोनों प्रदेशों में लोग पिछले छः वर्षों से कई मूलभूत सुविधाओं वंचित हैं। आज मैं प्रदेश की खस्ताहाल सड़कों के बारे में भारत सरकार का ध्या आकर्षित करना चाहती हूं।

महोदय, मेरे प्रदेश को अनगिनत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है प्रदेश में बरसात अधिक होती है, यह जानकारी प्रशासन के पास होने के पश्चात् हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मानसून से ठीक पहले सड़कों की अंधाधुन्ध तरीके खुदाई की गई और डिवाइडर को हटा दिया गया, जिसकी अभी जरूरत नहीं थी इस वजह से आज सड़कों की स्थिति बद से बदतर हो गई है। शहर एवं गांवों क सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढों ने जनता की परेशानी और बढ़ा दी है। ऐसी परिस्थिति में ह रोज वहां कई जानलेवा दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्कूल में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स भी इ तरह के खतरों के बीच स्कूल जाने को मजबूर हैं। आज़ादी के बाद पहली बार ऐस हुआ है की छः-छः वर्ष बीतने के पश्चात् भी प्रदेश की एक भी सड़क ठीक तरह नहीं बन पाई है।

महोदय, प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों से इसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन उसका अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

अत: मैं आपके माध्यम से भारत सरकार एवं गृह मंत्रालय से पुन: आग्रह करत हूं कि जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए, संबंधित अधिकारियों तथा विभाग क प्रदेश की सभी सड़कों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र बनाने का आदेश जारी करने क कृपा करें। आपको बहुत-बहुत धन्यवाद ।